TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




2024

teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

18 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीतने का एकमात्र तरीका यह है कि हारने से न डरें।

**रतन टाटा**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 18 अक्टूबर

1. **बी.बी.सी. की स्थापना–** 18 अक्टूबर, 1922 ई. ब्रिटिश ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी लिमिटेड की स्थापना हुई, जिसका नाम वर्ष 1927 में बदलकर बाद में ब्रिटिश ब्रॉडकॉस्टिंग कॉपोरेशन कर दिया गया। इसके संस्थापक जॉन रीथ थे।

2. **एडीसन का निधन–** अपने विद्युत बल्ब के अविष्कार से दुनिया को जगमग करने वाले थॉमस एडीसन का निधन 18 अक्टूबर, 1931 ई. को 84 वर्ष की उम्र में न्यू जर्सी, अमेरिका में हुआ था। वर्ष 1883 में उन्होंने 'एडिसन प्रभाव' की खोज की थी। उन्होंने विद्युत के सप्लाई के लिए त्रितारी वितरण प्रणाली, विद्युत के तारों को रबड़ और कपडे में लपेटने की पद्धति ढूँढी। डायनेमो और मोटर में सुधार किये। यात्रियों और माल ढोने के लिए विद्युत रेलगाड़ी तथा चलते जहाज से संदेश भेजने और प्राप्त करने की विधि का अविष्कार किया।

3. **अजरबैजान की स्वतंत्रता की घोषणा–** वर्तमान में युद्ध के कारण चर्चा में रहने वाली दक्षिण–पश्चिम एशियाई और दक्षिण–पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित देश अजरबैजान ने 18 अक्टूबर 1991ई. को तत्कालीन सोवियत संघ रूस से स्वतंत्र होने की घोषणा की।

F r i d a y

BBC NEWS

मधु प्रिया

## बीबीसी की स्थापना 18 अक्टूबर

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन यानी बीबीसी आज अपनी 101वीं वर्षगांठ मना रहा है। बीबीसी दुनिया का सबसे बड़ा ब्रॉडकास्टर है।18 अक्टूबर 1922 को लंदन में इसकी औपचारिक तौर पर स्थापना हुई थी। बीबीसी दुनिया का अग्रणी सार्वजनिक सेवा प्रसारक है। ये निष्पक्ष और स्वतंत्र हैं, और हर दिन ये विशिष्ट, विश्व स्तरीय कार्यक्रम और सामग्री बनाते हैं, जो यूके और दुनिया भर में लाखों लोगों को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करते हैं। एक ब्रिटिश सार्वजनिक सेवा प्रसारक जिसका मुख्यालय लंदन में ब्रॉडकास्टिंग हाउस में है, मूल रूप से 1922 में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के रूप में स्थापित किया गया था। और नए साल के दिन 1927 को अपने वर्तमान नाम के साथ अपनी वर्तमान स्थिति में विकसित हुआ। सबसे पुराना और सबसे बड़ा कद और कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से स्थानीय और वैश्विक प्रसारक, इसमें कुल मिलाकर 21,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से लगभग 17,900 सार्वजनिक क्षेत्र के प्रसारण में हैं। बीबीसी की स्थापना एक शाही चार्टर के तहत की गई है और यह संस्कृति, मीडिया और खेल राज्य सचिव के साथ अपने समझौते के तहत संचालित होता है। इसके काम को मुख्य रूप से वार्षिक टेलीविज़न लाइसेंस शुल्क द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। जो लाइव टेलीविज़न प्रसारण प्राप्त करने या रिकॉर्ड करने या बीबीसी की स्ट्रीमिंग सेवा,आईप्लेयर का उपयोग करने के लिए किसी भी प्रकार के उपकरण का उपयोग करने वाले सभी ब्रिटिश परिवारों, कंपनियों और संगठनों से लिया जाता है। शुल्क ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है , जिस पर संसद द्वारा सहमति व्यक्त की जाती है,और इसका उपयोग यूके के देशों और क्षेत्रों को कवर करने वाले बीबीसी के रेडियो, टीवी और ऑनलाइन सेवाओं को वित्तपोषित करने के लिए किया जाता है।1अप्रैल 2014 से, इसने बीबीसी वर्ल्ड सर्विस (बीबीसी एम्पायर सर्विस के रूप में 1932 में लॉन्च) को भी वित्त पोषित किया है, जो 28 भाषाओं में प्रसारित होता है और अरबी और फ़ारसी में व्यापक टीवी, रेडियो और ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करता है ।

## पुण्यतिथि विशेष 18 अक्टूबर

राकेश कुमार




**रामकृष्ण खत्री** *Ramkrishna Khatri*, जन्म- 3 मार्च, 1902, महाराष्ट्र; मृत्यु- 18 अक्टूबर, 1996, लखनऊ) भारत के प्रमुख क्रांतिकारियों में से एक थे। उन्हें 'काकोरी काण्ड' के अंतर्गत दस वर्ष के कारावास की सजा मिली थी। रामकृष्ण खत्री ने 'हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ' का विस्तार मध्य भारत और महाराष्ट्र में किया था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.10.2024

## आत्मसातीकरण

**आत्मसातीकरण किसी नई जानकारी या अनुभव को अपने मौजूदा विचारों में शामिल करना. यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम अपने पहले से मौजूद विश्वासों के मुताबिक, अनुभव या जानकारी को संशोधित करते हैं।**


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
ओडिशा के रिटायर्ड एसबीआई कर्मचारी जय किशोर प्रधान ने 64 वर्ष की उम्र में नीट की परीक्षा पास कर के इतिहास रच दिया है। जय किशोर का सपना था की वो एमबीबीएस की पढ़ाई करें।
www.teachersofbihar.org

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## टेस्ट क्रिकेट

### भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट- इंडिया

**46 रन पर ऑलआउट:** घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

## इंडिया का टेस्ट में लोएस्ट स्कोर



| स्कोर | खिलाफ | कहां | साल |
|---|---|---|---|
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | एडिलेड | 2020 |
| 42 | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 1974 |
| 46 | न्यूजीलैंड | बेंगलुरु | 2024 |
| 58 | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1947 |
| 58 | इंग्लैंड | मैनचेस्टर | 1952 |

# TEACHERS OF BIHAR

## गुणकारी सब्जी

### कुंदरु







कुंदरू एक प्रमुख भारतीय सब्जी हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसे खाने से जल्दी भूख नहीं लगती, जिसके कारण वजन कंट्रोल में रहता है। कुंदरू की सब्जी में सोडियम कम और पोटैशियम अधिक होता है इसलिए दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।कुंदरू में कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करते हैं।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा भभुआ
(कैमूर )


थॉमस एडिसन
जन्म 11 फरवरी 1847
मृत्यु 18 अक्टूबर 1931
we.teachersofbihar.com
Madhu priya